# BHARATHI COLLEGE OF EDUCATION

**an abode of Education**

Kandri, Mandar, Ranchi

# B.Ed (2ND YEAR)

## Session – 2021 - 2023

EXTERNAL COPY

## Course - 11

# Basic of Computer



GUIDED BY –
ASST PROF.
MANOJ KUMAR GUPTA

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

SUBMITTED BY –
NAME : - HARSHA KUMARI
ROLL NO. :- 52

# आभार ज्ञापन

शिक्षा मुख्य रूप से द्विपक्षीय प्रक्रिया है। जिसमें सीखना और सीखाना महत्वपूर्ण है। बी0 एड0 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर निर्देशन, परामर्श आदि क्षेत्रो का महत्वपूर्ण स्थान है।

बी0एड0 की प्रशिक्षु होने के नाते मेरे लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे **C-11** के प्रोजेक्ट कार्य हेतु **बेसिक ऑफ कम्प्यूटर** पर अध्ययन करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस प्रोजेक्ट कार्य के दौरान मैंने बेसिक ऑफ कम्प्यूटर से संबंधित अनेक जानकारियाँ मिली।

इस प्रोजेक्ट कार्य को प्रस्तुत करने में हमारी शैक्षणिक **सचिव दीपाली परासर , प्राचार्य राकेश कुमार राय एंव व्याख्याता मनोज कुमार गुप्ता** ने विशेष योगदान दिया, जिसके लिए मैं आप सभी को विशेष आभार एंव हार्दिक कृतज्ञता का भाव व्यक्त करती हूँ।

मैं अपने माता–पिता सभी मित्रों एंव परिजनों को धन्यवाद देती हूँ। जिन्होंने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से मेरे प्रोजेक्ट कार्य में सहयोग प्रदान किया ।

धन्यवाद !

प्रशिक्षु का नाम – हर्षा कुमारी

क्रमांक – 52

कक्षा : बी0एड0 (द्वितीय वर्ष)

सत्र – 2021–2023

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# INDEX


| S.No. | TOPIC | Pg.No. | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर ( परिचय ) | 1 - 5 | |
| 2. | कम्प्यूटर के घटक | 6 – 11 | |
| 3. | मेमोरी | 12 - 16 | |
| 4. | कम्प्यूटर के अनुप्रयोग | 17 - 19 | |
| 5. | इंटरनेट | 20 - 34 | |
| 6. | एम. एस. ऑफिस | 35 - 42 | |



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# कम्प्यूटर

## परिचय →

कम्प्यूटर एक स्वचालित तथा निर्देशों के अनुसार कार्य करने वाला इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है। जो डेटा ग्रहण करता है तथा सॉफ्टवेयर या प्रोग्राम के अनुसार, किसी परिणाम के लिए डेटा को प्रोसेस, संग्रहीत अथवा प्रदर्शित करता है। दूसरे शब्दों में हम कहें तो कम्प्यूटर एक ऐसा इलेक्ट्रानिक डिवाइस है जो उपयोगकर्ता द्वारा इनपुट किए गए डेटा में प्रक्रिया करके सूचनाओं को परिणाम के रूप में प्रदान करता है। हम आज के आधुनिक युग की कल्पना बिना कम्प्यूटर के नहीं कर सकते। इसने हमारे जीवन को न सिर्फ सरल बनाया है बल्कि एक नई दिशा प्रदान की है।



Attested
Principal
Bharathi College of Education
...dri, Mandar, Ranchi

# कम्प्यूटर की विशेषताएँ

⊙ कम्प्यूटर की विशेषताएँ निम्न हैं :-

1. गति (speed) :-

हम पैदल चलकर कहीं भी आ जा सकते हैं फिर भी कार या बस का इस्तेमाल करते हैं। ताकि हम कार्य को तेज गति से कर सकें। इसी प्रकार कम्प्यूटर किसी कार्य को बहुत तेज गति से कर सकता है। इसमें कुछ ही सेकेंड में गुणा-भाग की प्रक्रिया काफी तेजी से हो जाती है।

2. स्वचालन (Automation) :-

हम अपने दैनिक जीवन में कई प्रकार की स्वचलित मशीनों का उपयोग करते हैं, कम्प्यूटर भी

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

अपना कार्य स्वचलित तरीके से करता है। यह अपना कार्य, प्रोग्राम के एक बार लोड हो जाने पर स्वतः करता रहता है।

3. शुद्धता (Accuracy) :-

कम्प्यूटर अपना सारा कार्य बिना किसी गलती के करता है। यदि हम 10 अलग - अलग संख्याओं को कई बार गुणा करेंगे तो इसमें कई गलतियाँ होने की संभावना होती है। लेकिन साधारणतः कम्प्यूटर किसी भी प्रोसेस को बिना किसी गलती के पूर्ण कर सकता है। कम्प्यूटर द्वारा किये जाने वाली गलती का सबसे बड़ा कारण गलत डाटा इनपुट करना है क्योंकि कम्प्यूटर कभी स्वयं गलती नहीं करता है।

4. सार्वभौमिकता (Versatility) :-

Attested
3
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

कम्प्यूटर अपनी सार्वभौमिकता के कारण बहुत ही तेजी से दुनिया में अपना प्रभुत्व जमा रहा है। यह गणितीय कार्यों को करने के साथ - साथ व्यवसायिक कार्यों के लिए भी प्रयोग में लाया जाने लगा है। इसका प्रयोग हर क्षेत्र में किया जाने लगा है जैसे रेलवे, बैंकिंग, स्कूल इत्यादि।

5. उच्च संग्रहण क्षमता (High storage capacity) :-

एक कम्प्यूटर में डेटा स्टोर करने की क्षमता बहुत ही अधिक होती है। यह लाखों शब्दों को बहुत कम जगह में स्टोर करके रख सकता है। यह सभी प्रकार के डेटा, फोटो, प्रोग्राम इत्यादि को कई वर्षों तक स्टोर करके रख सकता है तथा बाद में हम कभी भी किसी भी सूचना को कुछ ही सेकेंड में अपनी जरूरत के

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

अनुसार प्रयोग में आ सकते हैं।


6. याद करने की क्षमता :-

व्यक्ति अपने जीवन में बहुत सारी बातें याद रखता है लेकिन कम्प्यूटर सभी बातें चाहे वह महत्वपूर्ण हो या ना हो सभी को मेमरी के रूप में स्टोर रखता है। यह बाद में किसी भी सूचना की आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराता है।

7. कर्मठता :-

आज मानव किसी कार्य को निरंतर कुछ ही घंटों तक करने में थक जाता है, इसके ठीक विपरीत कम्प्यूटर किसी कार्य को निरंतर कई घंटों, दिनों, महीनों तक करने की क्षमता रखता है इसके बावजूद उसके कार्य करने की क्षमता में न तो कोई कमी आती है और न ही कार्य के परिणाम की

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


COMPONENTS OF
COMPUTER
CENTRAL PROCESSING
UNIT (CPU)
MEMORY UNIT
CONTROL UNIT
ARITHMETIC &
LOGICAL UNIT
INPUT
OUTPUT
Principal

शुद्धता घटती है।

**कम्प्यूटर के घटक**

## कम्प्यूटर के घटक

- इनपुट यूनिट
- सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट
- आउटपुट यूनिट

### ◉ इनपुट यूनिट →

इनपुट यूनिट कम्प्यूटर सिस्टम का वह घटक है जिसके द्वारा कम्प्यूटर को कोई आदेश अथवा निर्देश दिए जाते हैं। इस यूनिट के अंदर कंप्यूटर की इनपुट डिवाइस की सहायता से यूजर कम्प्यूटर को कमांड देता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

→ की-बोर्ड –

यह एक इनपुट डिवाइस है जिसमें अनेक की (key) अर्थात् बटन होते हैं। इसका उपयोग मुख्यतः टाइपिंग करने के लिए किया जाता है।

→ माउस –

माउस एक पॉइंटिंग डिवाइस है। यह हाथ से ऑपरेट होने वाली एक इनपुट डिवाइस है जिसमें दाएं तथा बाईं ओर बटन होती है तथा बीच में एक व्हील होती है।

→ बारकोड रीडर –

यह एक अन्य प्रकार का इनपुट डिवाइस है। इस डिवाइस का प्रयोग प्रोडक्ट्स पर लगे बार कोड को रीड करने के लिए किया जाता है। इस पर एक लाइट डिटेक्टर लगा होता है जो बार कोड को पहचानकर उस पर अंकित सूचना को रीड करता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

इसके अलावा स्कैनर, बायोमेट्रिक सेंसर, लाइट पेन, वेबकैम इत्यादि सभी इनपुट डिवाइस के उदाहरण हैं।

◉ <u>सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट</u> (CPU) →

प्रोसेसिंग यूनिट को central processing unit (CPU) भी कहा जाता है। यह यूनिट कम्प्यूटर सिस्टम में डेटा प्रोसेसिंग के लिए उत्तरदायी होती है। CPU को "<u>Brain of computer</u>" भी कहते हैं। CPU कम्प्यूटर का कंट्रोल सेंटर होता है। CPU कम्प्यूटर परफॉर्मेंस को गाइड, डायरेक्ट और कंट्रोल आदि करने का कार्य करता है।

→ CPU को 2 तत्वों में विभाजित किया जाता है :-

1. <u>ALU</u> (Arithmetic and logic Unit) →

यह कम्प्यूटर सिस्टम में

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

सहायक होते हैं।


## मेमोरी

यह इनपुट डिवाइस के द्वारा प्राप्त निर्देशों को कम्प्यूटर में संग्रहण करके रखता है, इसे कम्प्यूटर की यादगारत भी कहा जाता है। मानव में कुछ बातों को याद रखने के लिए मस्तिष्क होता है, उसी प्रकार कम्प्यूटर में डाटा को याद रखने के लिए मेमोरी होती है।

" किसी भी निर्देश, सूचना अथवा परिणामों को स्टोर करके रखना मेमोरी कहलाता है।"

→ कम्प्यूटर में एक से अधिक मेमोरी होती है हम उनको सामान्यत: प्राथमिक व द्वितीयक मेमोरी के रूप में जानते हैं।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# मेमोरी (memory)

- प्राथमिक मेमोरी (Primary memory)
- द्वितीयक मेमोरी (Secondary memory)


◉ **प्राथमिक मेमोरी** :- मेमोरी कम्प्यूटर का सबसे महत्वपूर्ण भाग है जहाँ डाटा, सूचना एवं प्रोग्राम प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहते हैं और आवश्यकता पड़ने के दौरान तत्काल उपलब्ध रहते हैं। यह मेमोरी अस्थिर मेमोरी होती है क्योंकि इसमें लिखा हुआ डाटा कम्प्यूटर बंद होने या बिजली के जाने पर मिट जाता है।

→ प्राथमिक मेमोरी के दो प्रकार होते हैं :-

1) ROM

2) RAM

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

वह घटक जो कम्प्यूटर में एंटर किए गए डेटा की प्रोसेसिंग के बाद हमें रिजल्ट प्रदान करता है उसे आउटपुट यूनिट कहते हैं। आउटपुट यूनिट यूजर को Readable form में रिजल्ट प्रदान करता है।

कंप्यूटर सिस्टम की आउटपुट डिवाइस जैसे मॉनिटर, प्रिंटर, स्पीकर, प्लॉटर आदि आउटपुट यूनिट का निर्माण करते हैं। आउटपुट यूनिट की मुख्य output Device इस प्रकार हैं :-

1. मॉनिटर -

मॉनिटर अर्थात् स्क्रीन कंप्यूटर सिस्टम की सबसे कॉमन आउटपुट डिवाइस है। यह यूजर को स्क्रीन पर रिजल्ट दिखाती है। जिस प्रकार हम T.V. देखते हैं ठीक उसी प्रकार हम

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

मॉनिटर / स्क्रीन पर रिजल्ट देख सकते हैं।

2. प्रिंटर :-

प्रिंटर एक आउटपुट डिवाइस है जो प्रिंटेड फॉर्म में यूजर को रिजल्ट प्रदान करता है। प्रिंटर की सहायता से टेक्स्ट और इमेज को पेपर पर उतारा जाता है।

3. स्पीकर :-


स्पीकर वह आउटपुट डिवाइस है जो इलेक्ट्रिक करंट के रूप में सिग्नल को रिसीव करके उसे साउंड फॉरमेट में बदलता है। इससे वह सिग्नल को यूजर के सुनने योग्य बनाता है।


4. प्लाटर :-

यह एक प्रकार का आउटपुट डिवाइस है जो अच्छी क्वालिटी की इमेज और ग्राफ प्रदान करने में



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




Attested
Principal
College of Education
Ranchi

होने वाले सभी मैथेमेटिकल और लॉजिकल ऑपरेशन जैसे जोड़, घटाव, गुणा तथा भाग इत्यादि करता है। जब भी कम्प्यूटर को लॉजिक तथा अर्थमेटिक संबंधित कोई भी सूचना मिलती है तो ALU अपना कार्य प्रारंभ कर देता है।

2. C.U (control unit) :-


यह CPU का ही एक भाग होता है। इसका मुख्य कार्य पूरे कम्प्यूटर सिस्टम के कार्यों को नियंत्रित करना होता है। यह मेन मेमोरी से डेटा को चुनकर उसे पहचानकर इन्फॉर्मेशन को विभिन्न भागों तक पहुंचाने का कार्य करता है।

◉ आउटपुट यूनिट :-

कम्प्यूटर सिस्टम का

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

प्राथमिक मेमोरी

- RAM (रैम)
  - Random access memory
  - ↓
  - अस्थायी मेमोरी
- (रोम) ROM
  - Read only memory
  - ↓
  - स्थायी मेमोरी

## ⊙ द्वितीयक मेमोरी :-

सेकेंडरी मेमोरी कम्प्यूटर की दूसरी मेमोरी होती है इसे बाहर से कम्प्यूटर के साथ जोड़ा जाता है, यह मेमोरी कम्प्यूटर सर्किट से नहीं जुड़ी रहती है इसलिए इसे external memory भी कहा जाता है।

सामान्यतः द्वितीयक मेमोरी की स्टोरेज क्षमता प्राथमिक से अधिक होती है और जरूरत पड़ने पर इसके स्टोरेज को बढ़ाया जा सकता है।



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# स्टोरेज डिवाइस

स्टोरेज डिवाइस को हम कम्प्यूटर की स्टोरेज यूनिट भी कहते हैं। आज जो हम दुनिया भर से डेटा और सूचनाओं को इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर रहे हैं वो इसी बड़े - बड़े स्टोरेजों में संग्रह किया जाता है। हम अपने जीवन में जो डैटा और फाइल स्टोर करना चाहते हैं वो कम्प्यूटर में लगे स्टोरेज डिवाइस में जाकर कर सकते हैं।

→ इसके कुछ उदाहरण हम निम्नलिखित देख सकते हैं :-

1) मेमोरी कार्ड :-

मेमोरी कार्ड एक स्टोरेज डिवाइस होता है जिसका उपयोग डाटा और मल्टी मीडिया को स्टोर करने के लिए किया जाता है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर मोबाइल फोन में गाने और फोटो को स्टोर करने के लिए किया



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

जाता है।


2) CD :-

CD का पूरा नाम कॉम्पैक्ट डिस्क होता है। यह एक विशेष प्रकार की डिस्क होती है जिस पर डाटा एक ही बार write किया जाता है तथा इसे कई बार read किया जा सकता है।

3) पेन ड्राइव :-

पेन ड्राइव एक छोटा डिजिटल डिवाइस है, इसके अलावा यह डाटा स्टोर करने वाला सेकेंडरी स्टोरेज डिवाइस है। पेन ड्राइव मुख्य रूप से डेटा ट्रांसफर करने के लिए उपयोग किया जाता है, यह डेटा को स्थायी रूप से स्टोर कर सकता है। इसकी मदद से संगीत, फिल्म, फोटो और दस्तावेजों को स्टोर करने में मदद मिलती है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




Attested

Principal

College of Education

# कम्प्यूटर के अनुप्रयोग

कम्प्यूटर का प्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। वर्तमान में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जहाँ कम्प्यूटर का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। हम इसके अनुप्रयोगों को निम्नलिखित रूप से देखते हैं :-

1) बैंक → कम्प्यूटर के अनुप्रयोग ने बैंकिंग क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ATM तथा ऑनलाइन बैंकिंग, चेक के भुगतान, रुपया गिनना तथा पासबुक एंट्री में कम्प्यूटर के प्रयोग को साफ तौर पर देखा जा सकता है।

2) रक्षा → रक्षा अनुसंधान, वायुयान नियंत्रण, मिसाइल, रडार आदि में इसका प्रयोग किया जाता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

3) शिक्षा → कम्प्यूटर ने शिक्षा को एक नया आयाम प्रदान किया है। मल्टीमीडिया के विकास और कम्प्यूटर से आधारित शिक्षा ने इसे बच्चों के लिए उपयोगी बना दिया है। डिजिटल लाइब्रेरी ने पुस्तकों की सर्वसुलभता सुनिश्चित की है।

4) डाटा प्रोसेसिंग → बड़े और विशाल सांख्यिकीय डाटा से सूचना तैयार करने में कम्प्यूटर का प्रयोग किया जा रहा है। जनगणना, सांख्यिकीय विश्लेषण के परिणाम आदि में इसका प्रयोग किया जा रहा है।

5) सूचनाओं का आदान - प्रदान →

भण्डारण की विभिन्न पद्धतियों के विकास और कम स्थान घेरने के कारण से सूचनाओं के आदान - प्रदान के बेहतर माध्यम साबित हो रहे हैं।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


6. उद्योग व व्यापार → उद्योगों में कम्प्यूटर के प्रयोग से बेहतर गुणवत्ता वाले वस्तुओं का उत्पादन संभव हो पाया है। व्यापार में कार्यों और स्टॉक का लेखा - जोखा रखने में कम्प्यूटर सहयोगी सिद्ध हुआ है।

7. संचार → आधुनिक संचार व्यवस्था कम्प्यूटर के बिना संभव नहीं है। टेलीफोन और इंटरनेट ने संचार क्रांति को जन्म दिया है। इसके द्वारा संचार को गति प्राप्त हुई है।

8. चिकित्सा → शरीर के अंदर के रोगों का पता लगाने, उनका विश्लेषण और निदान में इसके प्रयोग को नकारा नहीं जा सकता है। अल्ट्रासाउंड, एक्स - रे तथा विभिन्न जाँच में कम्प्यूटर का प्रयोग हो रहा है।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi




Attested
Principal

# इंटरनेट

इंटरनेट बहुत सारे नेटवर्क्स का ऐसा जाल है जो पूरे विश्व के कम्प्यूटर को एक - दूसरे से जोड़ता है और दुनियाभर के कम्प्यूटर में नेटवर्क का आदान - प्रदान करता है।

इंटरनेट का पुरा नाम inter-networking होता है और इसे हिन्दी में अंतरजाल कहा जाता है जिसका मतलब नेटवर्क्स का ऐसा जाल होता है जिससे बहुत सारे कम्प्यूटरस को आपस में जोड़ा जा सके।

→ इंटरनेट आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गयी है। आज हम लगभग बहुत तरह के कामों को करने के लिए इस पर निर्भर हो गए हैं। आज हम दूर बैठे लोगों के साथ

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

विडियो कॉल पर बात कर सकते हैं जो इंटरनेट की वजह से संभव हो पाया है। हम विभिन्न प्रकार की जानकारियाँ बिना समय की बर्बादी किए प्राप्त कर सकते हैं।

→ **इतिहास** :-

इंटरनेट की शुरुआत सबसे पहले अमेरिका सेना द्वारा पेंटागन अमेरिका के रक्षा विभाग में की गई थी। साल 1969 में ARPANet मतलब (Advance Research Project Agency) नाम का Networking Project लॉन्च किया गया था। जिसका इस्तेमाल युद्ध के समय बिना किसी मुश्किलों के गोपनीय सूचना भेजने और संचार व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए किया गया था।

→ सबसे पहले पॉल बैरन और डोनल्ड डेविस नाम के दो व्यक्तियों द्वारा 1970

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

में इसकी शुरुआत की गई। इसलिए इन्हें इंटरनेट का जनक भी कहा जाता है।

→ भारत में इंटरनेट :-

भारत में इंटरनेट की शुरुआत 15 अगस्त 1995 को विदेश संचार निगम लिमिटेड (VSNL) द्वारा किया गया था। विदेश संचार निगम लिमिटेड यह एक मात्र ऐसी कंपनी थी जिसने पहली बार इंटरनेट को भारत में लाया। इसने अपने टेलीफोन लाइन के द्वारा दुनिया के सारे कम्प्यूटर्स को भारत के साथ आपस में जोड़ा।

सन 1990 के दशक में लोगों की रुचि इसमें बहुत ज्यादा बढ़ती चली गई और सन 1998 को ही हमारी सरकार ने निजी कंपनियाँ जैसे idea, vodafone, airtel को इंटरनेट की सर्विस उपलब्ध करने की अनुमति प्रदान की और इसी



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

साल देश का पहला वेबसाइट indiaworld.com आरंभ हुआ।

## इंटरनेट की विशेषताएं

1) इंटरनेट की पहली विशेषता यह है कि सभी को एक साथ जोड़ना इंटरनेट के माध्यम से आज एक व्यक्ति किसी भी स्थान से किसी अन्य व्यक्ति से जुड़ सकते हैं वो अपनी बात या संदेश प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूप में कर सकते हैं। इंटरनेट पर कम्युनिकेशन बनाना इसकी प्रमुख विशेषता मानी जाती है।

2) इंटरनेट की दूसरी विशेषता है कि एक - दूसरे से लेन - देन करना। आज के समय इंटरनेट के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान तक रुपयों को आसानी से भेजा जा सकता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

3) इंटरनेट की तीसरी विशेषता है व्यापार। आज के समय में इंटरनेट की वजह से व्यापार का विकास काफी बड़े स्तर पर हुआ है। आज व्यापार का प्रत्येक व्यापारी अपने सामान का विक्रय दुनिया में किसी भी स्थान में कर सकता है।

4) इंटरनेट की चौथी विशेषता है शिक्षा। आज के समय इंटरनेट की वजह से शिक्षा का स्तर काफी बढ़ा है। आज यहाँ पर केवल एक प्रश्न के उत्तर कई रूपों में मिल जाते हैं। इसके माध्यम से शिक्षा का विकास काफी तेजी से हुआ है।

5) इसे युद्ध क्षेत्र में भी काफी विशेष माना गया है। क्योंकि दुनिया का प्रत्येक देश युद्ध की परिस्थितियों में इंटरनेट का उपयोग करता है। इसके माध्यम से युद्ध के दौरान कुछ ऐसे कार्य किए जाते हैं जो किसी व्यक्ति द्वारा किया जाना

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

संभव नहीं है।

## ईमेल

ई-मेल या इलेक्ट्रानिक मेल इंटरनेट के माध्यम से किसी कम्प्यूटर या अन्य उपकरण से पत्र भेजने का तरीका है। एक ई-मेल भेजने के लिए एक ईमेल पते की आवश्यकता होती है। आमतौर पर इंटरनेट पर कई मुफ्त ईमेल सेवायें उपलब्ध हैं जिस प्रकार एक ईमेल को कम्प्यूटर से भेजा जाता है उसी प्रकार इसे स्मार्टफोन से भी भेजा जाता है।

जिस तरह से हम डाक के माध्यम से एक पत्र भेजते हैं, उसी तरह ईमेल पत्र भेजने का आधुनिक तरीका है। यह लगभग हर जगह उपयोग किया जाता है चाहे वह घर, कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, उद्योग, बैंक



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

या कोई सरकारी या प्राइवेट कार्यालय हो। इस माध्यम का उपयोग करके हम पाठ, चित्र, फाइलें और अन्य प्रकार के दस्तावेज भी भेज सकते हैं।

→ इलेक्ट्रॉनिक मेल उपयोगकर्ताओं के बीच संदेशों के आदान - प्रदान के लिए एक कम्प्यूटर आधारित अनुप्रयोग है। एक विश्वव्यापी ई-मेल नेटवर्क लोगों को बहुत तेजी से ई-मेल संदेशों का आदान - प्रदान करने की अनुमति देता है।

→ यह व्यापार संचार का एक महत्वपूर्ण तरीका है जो तेज, सस्ता, सुलभ और आसानी से दोहराया जाने वाला है। ई - मेल का उपयोग करने से व्यवसायों को बहुत लाभ हो सकता है क्योंकि यह सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डेटा को प्रसारित करने के कुशल और प्रभावी तरीके प्रदान करता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi



Attested

Principal
Bharathi College of Education

# वेब ब्राउजर

वेब ब्राउजर एक कम्प्यूटर प्रोग्राम है, जो इंटरनेट पर मौजूद वेब पेजों को यूजर्स के लिए ढूंढकर इंसानों की भाषा में अनुवाद करता है, इन पेजों में मौजूद जानकारी में ग्राफिक्स, मल्टीमीडिया, वेब प्रोग्राम्स तथा साधारण टेक्स्ट शामिल होता है। गूगल क्रोम एक लोकप्रिय वेब ब्राउजर है।

दूसरे शब्दों में हम कहें तो एक ब्राउजर का कार्य उपयोगकर्ता के लिए किसी वेबसाइट को खोजना और खोलना होता है। यह वेब में किसी वेबसाइट के कंटेंट और अन्य फाइलों का पता लगाता है, उन्हें प्राप्त करता है, और डिस्प्ले करता है।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# WWW

WWW का पूरा नाम world wide web है। यह इन्टरनेट की एक सर्विस है जिसे W3 या वेब भी कहा जाता है। वर्ल्ड वाइड वेब दुनियाभर के वेबसाइट के पेजेस का कलेक्शन है। जिसके द्वारा HTML के बनाये गए विभिन्न प्रकार के document आपस में hyperlink के द्वारा जुड़े होते हैं। ये HTML डॉक्यूमेंट अर्थात् वेब पेज में विभिन्न प्रकार के इमेज, ऑडियो और विडियो फाइल बने होते हैं।

दूसरे शब्दों में कहें तो WWW दुनियाभर के वेबसाइट के address का समूह है जो आपस में एक-दूसरे से hyperlink अर्थात् एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। जब यूजर इंटरनेट में वेबसाइट को सर्च करता है तो WWW



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

यूजर उसे उस वेबसाइट तक पहुँचाने का कार्य करता है। इस तरह www इन्टरनेट पर एक सर्विसेस की तरह कार्य करता है।

वर्ड वाइड वेब ने केवल वैज्ञानिकों के लिए ही नहीं, सभी के लिए इंटरनेट खोल दिया। इसने दुनिया को इस तरह जोड़ा जिससे लोगों के लिए जानकारी प्राप्त करना, साझा करना और संचार करना बहुत ही आसान हो गया। तब से इसने लोगों को सोशल नेटवर्किंग साइट्स, ब्लॉग्स, वीडियो शेयरिंग और बहुत कुछ के माध्यम से अपने काम और विचारों को साझा करने की अनुमति दी। वर्ड वाइड वेब एक प्रणाली है, जिसके द्वारा प्रत्येक वेबसाइट को एक विशेष नाम दिया जाता है। उसी नाम से उसे वेब पर पहचाना जाता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# शैक्षिक वेबसाइट

बच्चों में पढ़ाई के साथ - साथ नए विषयों की जानकारी और नए रुचि को बढ़ावा देने के लिए यह वेबसाइट काफी उपयोगी समझी जाती है। इन वेबसाइटों में नियोजित इंटरएक्टिव प्रशिक्षण और सीखने की तकनीक शिक्षकों को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो इन तकनीकों को पारंपरिक कक्षाओं में शामिल कर सकते हैं और इस प्रकार छात्रों को अवधारणाओं की बेहतर समझ में मदद करते हैं। विज्ञान पुस्तकें, प्रयोग, खिलौने व फिल्म - बच्चों को फीचर फिल्मस, पुस्तकों के माध्यम से आकर्षित करने के लिए इनका प्रयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# इंटरनेट के फायदे

1. **शिक्षा का स्त्रोत** ÷ शिक्षा ग्रहण करने में इतनी सहज केवल तकनीकी विकास की वजह से संभव हो पाया है। आज शिक्षा हर किसी के लिए मुफ्त है। इंटरनेट की दुनिया में हर तरह की जानकारी के लिए संसाधन मौजूद हैं। यह सीखने की इच्छा रखने वालों के लिए स्वर्णिम अवसर प्रदान करती है।

2. **रोजगार के विशाल अवसर** ÷

इंटरनेट का चलन जबसे विश्व में हुआ है, रोजगार के करोड़ों अवसर विकसित हुए हैं। जिस तरह से नई - नई तकनीकें विकसित हो रही है, समय के साथ ही रोजगार के मार्ग भी अपने आप खुल रहे हैं।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

3. ऑनलाइन खरीद में सहजता :- हम घर बैठे - बैठे अपने मनपसंद व जरूरत की चीजें बेहद आराम से ऑनलाइन खरीद सकते हैं। ऑनलाइन परचेसिंग टेक्नोलॉजी इतनी उन्नत हो चुकी है, कि अब तो देश के बाहर निर्मित चीजों को भी आयात कर सकते हैं। इतनी उत्कृष्ट सेवाएं केवल इंटरनेट की सहायता से ही संभव है।

4. मनोरंजन का केन्द्र :- इंटरनेट के बिना तो हर काम अधूरा है, चाहे वह कोई आवश्यक कार्य हो या फिर मनोरंजन ही क्यों न हो। लोग थोड़े भी बोरियत महसूस होने पर अपना मनोरंजन करने के लिए कोई फिल्म, कार्यक्रम, ऑनलाइन गेम खेलना इत्यादि पसंद करते हैं जो केवल इंटरनेट की मदद से ही चल सकता है।

5. वैश्विक जानकारी की उपलब्धता :-



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

यदि एक जगह पर बैठे - बैठे देश दुनिया की हर खबर हम तक पहुंच पा रही है, तो इसमें इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। इसने हमारे जीवन को सरल बना दिया है। हर दिन देश दुनिया में चलने वाली खबरें सहित विश्व की सभी जानकारी इंटरनेट की सहायता से उपलब्ध है।

6. ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं :- बैंकिंग सेवाओं के लिए जिस तरह लंबी कतारों में खड़े होकर लोगों को अपने काम पूरे होने का इंतजार करना पड़ता था, वह इंतजार अब खत्म हो चुका है। इंटरनेट की सहायता से लोग हर प्रकार की बैंकिंग सेवाएं ऑनलाइन मोड पर प्राप्त कर पा रहे हैं। इंटरनेट के कारण ही दुनिया आज कैशलेस अर्थव्यवस्था की तरफ अग्रसर हो रही है।

7. सोशल मीडिया द्वारा लोगों में संगठन :-

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

सोशल मीडिया का प्रभाव आज के समय में बहुत ही विशाल है। आज हर कोई सोशल मीडिया की सहायता से ही अपनी बात लोगों तक पहुंचा रहा है। लेकिन यह जितने भी सोशल प्लेट-फॉर्म है, इसके संचालन में सबसे महत्वपूर्ण कार्य इंटरनेट का ही होता है।

8. प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यक :-

हम सभी जानते हैं कि आज के समय में होने वाले लगभग औपचारिक और अनौपचारिक कार्यों में कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल इत्यादि अन्य तकनीकी उपकरणों का उपयोग तो होता ही है फिर चाहे यह किसी भी क्षेत्र में क्यों ना हो। अतः प्रत्येक क्षेत्र में इंटरनेट का प्रभाव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi


Microsoft
Office
Word
Excel
PowerPoint
OneNote
Access
InfoPath
Skype for Business
OneDrive for Business
Attested

## एम. एस.
## ऑफिस

एम. एस. ऑफिस का मतलब माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस होता है। यह एक प्रकार का सॉफ्टवेयर का संगठन है जिसके अंतर्गत अलग - अलग प्रकार के कम्प्युटर सॉफ्टवेयर्स आते हैं, जिन सॉफ्टवेयर्स के इस्तेमाल से हम ऑफिस संबंधित सभी तरह के महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा कर सकते हैं, माइक्रोसाफ्ट ऑफिस ms excel, ms word, ms powerPoint जैसे महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर्स का एक बन्डल है।

एम. एस. ऑफिस यानी कि माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस microsoft corporation जो की एक बहुत बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कंपनी है, इसी के द्वारा निर्माण किया गया है, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में बहुत computer applications मिलते हैं

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

जो कि ऑफिस के Basic से लेकर advance तक के कार्यों को पूरा करने की क्षमता रखते हैं व वर्तमान में कम्प्यूटर में अधिकतर लोग एम एस ऑफिस का ही उपयोग करते हैं।

माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में उपलब्ध सभी तरह के computer applications ऑफिस में किए जाने वाले दैनिक कार्यों को करने के लिए उपयोग में लाए जाते हैं. इन computer applications की मदद से हम ऑफिस के कार्य जैसे लेटर तैयार करना, प्रेजेंटेशन बनाना, ईमेल मैनेज करना, डाटाबेस से संबंधित कार्य करना इत्यादि को बड़ी आसानी से कर सकते हैं।

## एम एस ऑफिस की विशेषताएँ

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस को सभी प्रकार के ऑफिस कार्यों के लिए बेहद उपयोगी माना जाता है। इसकी अलग - अलग प्रकार की बेहद उपयोगी विशेषताएं हैं जो कि निम्न हैं :-

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, ऑफिस के सभी डिजिटल कार्यों को आसानी से मैनेज करने के लिए बहुत ही उपयोगी माना गया है।

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस बिल्कुल फ्री हैं जिनकी वजह से इसे कहीं पर भी और किसी समय पर Access कर सकते हैं।

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सभी components के यूजर इंटरफेस बहुत ही सरल हैं जिनकी वजह से इसे बहुत जल्दी सिख सकते हैं।

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में मौजूद सभी components बेहद ही lite होते हैं जिसकी वजह से इसके components को किसी भी प्रकार के कम्प्यूटर में आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं।

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के अपडेट समय-समय पर आते रहते हैं जिसकी वजह से इसके components में नए-नए features add होते रहते हैं।

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के सभी तरह के components किसी भी नए कम्प्यूटर में पहले से installed होते हैं।

- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, ऑफिस के सभी डिजिटल कार्यों को आसानी से मैनेज करने के लिए बहुत ही उपयोगी माना गया है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

# MS Word

MS Word का पूरा नाम Microsoft Word है, इसे केवल Word भी कहा जाता है। यह एक Word Processing Program है। यह माइक्रोसॉफ्ट के द्वारा विकसित किया गया एक महत्वपूर्ण word processor है जो microsoft office के पैकेज का ही एक component है।

एम एस वर्ड हर एक यूजर के उपयोग में आने वाला एक ऐसा प्रोग्राम है जिसमें वर्ड प्रोसेसिंग से संबंधित कई तरह के छोटे - बड़े कामों को किया जा सकता है। चाहे कुछ टाइपिंग करने की बात हो या कोई एडवांस या लम्बी डॉक्यूमेंट, बुकलेट, रिज्यूम इत्यादि बनाने की माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में बड़े ही आसानी से कर सकते हैं। इसकी मदद से एडवांस और आकर्षक डॉक्यूमेंट तैयार किया

Attested

Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

जा सकता है।

## MS Excel

MS Excel जिसका पूरा नाम Microsoft Excel है जिसे केवल excel के नाम से भी जाना जाता है। यह microsoft co-rporation के द्वारा विकसित किया गया एक Spreadsheet Program है जो डेटा को tabulation format में रखने की सुविधा प्रदान करती है। यह ms office Suite के अंतर्गत आने वाला एप्लीकेशन है।

जिस प्रकार पुराने समय में डेटा को पेंसिल की सहायता से Row और column बनाकर व्यवस्थित किया जाता था ठीक उसी प्रकार इलेक्ट्रानिक वर्कशीट अर्थात् Excel में भी डाटा को व्यवस्थित करने की व्यवस्था की गई है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

MS Excel डाटा को व्यवस्थित करने के अलावा कैलकुलेशन करने, निर्णय लेने, डाटा का ग्राफ तैयार करने, रिपोर्ट तैयार करने और वेबसाइट पर डाटा के साथ काम करने इत्यादि की सुविधा प्रदान करती है।

## MS Power Point

पावर पॉइंट जिसे MS Power Point भी कहा जाता है, एक पूर्ण प्रेजेंटेशन ग्राफिक्स एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है। Power point को microsoft corporation द्वारा विकसित और वितरित किया जाता है। यह वह सारी चीजें प्रदान करता है जो एक प्रोफेशनल दिखने वाली प्रेजेंटेशन स्लाइड्स को तैयार करने के लिए चाहिए। पावर पॉइंट वर्ड प्रोसेसिंग, आउटलाइनिंग, ड्राइंग, ग्राफिंग



Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi

और प्रेजेंटेशन मैनेजमेंट टूल्स प्रदान करता है, यह सभी को उपयोग करने और सीखने में आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

इसे PPT भी कहा जाता है। इसका उपयोग personal और Professional रूप से प्रेजेंटेशन बनाने में किया जाता है। किसी भी आईडिया या प्रोजेक्ट के बारे में किसी भी संस्थान में सुव्यवस्थित रूप से इमेज, वीडियो और ग्राफ आदि के द्वारा स्लाइड्स या प्रेजेन्टेशन बनाई जाती है उसके लिए इस सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है।

Attested
Principal
Bharathi College of Education
Kandri, Mandar, Ranchi